अरविंद केजरीवाल

राष्ट्रीय संयोजक, आम आदमी पार्टी
पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली
विधायक, नई दिल्ली

सत्यमेव जयते

Arvind Kejriwal

National Convenor, Aam Aadmi Party
Ex. Chief Minister, Delhi
MLA, New Delhi

S.No.: NCO/25/10
Date: 19-01-2025

आदरणीय प्रधानमंत्री जी,

मैं NDMC और MCD क्षेत्रों में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों के एक अति महत्वपूर्ण मुद्दे पर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। ये कर्मचारी हमारे शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं।

वे नौकरी के दौरान सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आवासों में रहते हैं, लेकिन रिटायरमेंट के बाद उन्हें ये घर खाली करने पड़ते हैं। वे अपना खुद का घर खरीदने या दिल्ली में महंगे किराये पर घर लेने में असमर्थ होते हैं, जिससे वे और उनके परिवार असुरक्षित स्थिति में आ जाते हैं।

चूंकि दिल्ली में जमीन से जुड़े मामले केंद्र सरकार के अधीन आते हैं, इसलिए आपसे अनुरोध है कि केंद्र सरकार सफाई कर्मचारियों के लिए रियायती दरों पर जमीन उपलब्ध कराए। दिल्ली सरकार इन जमीनों पर इनके लिए घर बनाकर देगी और कर्मचारी इन घरों की लागत को आसान किस्तों में सरकार को वापस चुका देंगे।

यह समस्या सभी सरकारी कर्मचारियों की है, ख़ास करके निचले तबके के कर्मचारियों की। इसलिए मेरी आपसे दरख्वास्त है की यह योजना सफ़ाई कर्मचारियों से शुरू की जाये और उसके बाद सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू की जाये।

मुझे विश्वास है कि आप इस प्रस्ताव से सहमत होंगे और इस पर शीघ्र कार्य योजना बनाकर काम करेंगे।

धन्यवाद।

(अरविंद केजरीवाल)

श्री नरेंद्र मोदी जी,
माननीय प्रधानमंत्री,
भारत सरकार,
साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली